# एनसीईआरटी और ग्रिड ने समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया



**चंडीगढ़, स्टेट समाचार**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली और गवर्नमेंट रिहैबिलिटेशन इंस्टीट्यूट फॉर इंटेलेक्चुअल डिसएबिलिटीज़, चंडीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में समावेशी शिक्षा को सुदृढ़ बनाने हेतु संसाधन केन्द्रों के लिए दिशानिर्देश विकसित करना विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 22-23 सितंबर को , सेक्टर-31, चंडीगढ़ में किया गया।

इस कार्यशाला में देशभर से शिक्षाविद और विशेषज्ञ शामिल हुए। प्रमुख प्रतिभागियों में प्रो. विनय कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, विशेष आवश्यकताओं वाले समूहों की शिक्षा, एनसीईआरटी; डॉ. शिल्पा मनोग्ना और डॉ. सुमिन प्रकाश, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अजीत सिदाना, संयुक्त निदेशक तथा अन्य प्रतिष्ठित विशेषज्ञ शामिल थे।

कार्यशाला का उद्देश्य समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संसाधन कक्षों के लिए प्रभावी रणनीतियाँ, मॉडल और श्रेष्ठ प्रथाएँ विकसित करना है, ताकि सभी शिक्षार्थियों को समान और सार्थक सीखने के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिसने सत्रों की गरिमामयी और प्रेरणादायी शुरुआत की।